News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-122
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

छोटा सा बदलाव ही जिंदगी की एक बड़ी कामयाबी का हिस्सा होता है।

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार सिटी चीफ

बिहार, मंगलवार 06 अगस्त 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

ट्रेन से गिरकर लेडी कांस्टेबल की मौत

20 दिन पहले ही हुई थी शादी

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

पटना, बिहार की राजधानी पटना में ट्रेन से गिरकर एक महिला सिपाही की मौत हो गई। यह अपने करीबियों के यहां शादी की मेहंदी समारोह में शामिल होने जा रही थी। तभी उसकी जान चली गई। यह घटना दानापुर रेल थाना के नेउरा-गांधी हाल्ट के पास रविवार की शाम हुई। यहां संदिग्ध परिस्थिति में ट्रेन से गिरकर जीआरपी की महिला सिपाही सपना कुमारी (27) की मौत हो गई। यह बक्सर स्टेशन पर कार्यरत थी। 20 दिनों पहले उसकी शादी हुई थी। पुलिस कांड की छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार बीते 14 जुलाई को सपना की धनबाद में शादी हुई थी। शादी के बाद ड्यूटी ज्वाइन करने वह रविवार को बक्सर जा रही थी। इसी दौरान नेउरा-गांधी हाल्ट के पास घटना घटी। उनका शव पटरी

के पास पड़ा था। हालांकि घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी सामने नहीं आया है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात ट्रेन से गिरने से सपना कुमारी की मौत होने की बात सामने आई है।

बताया जाता है कि पटना के खिरीमोड़ हेल्हा निवासी रामबाबू साव की बेटी सपना कुमारी वर्तमान में फुलवारी शरीफ के बोचाचक में रह रही थी। वर्ष 2019 में सपना सिपाही बनी थी। मृत सिपाही

सपना के भाई प्रीतम ने बताया कि बीते 14 जुलाई को ही उसकी शादी धनबाद निवासी सीआरपीएफ में कार्यरत राहुल कुमार से हुई थी। शादी से लौटकर सपना रविवार की सुबह करीब 12 बजे ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए घर से निकली थी। दानापुर रेलवे स्टेशन से एक ट्रेन पकड़ कर वह बक्सर जा रही थी। इसी बीच परिवार वालों के मोबाइल पर सपना के बक्सर नहीं पहुंचने का फोन आया।

उधर, परिजनों ने सिपाही के मोबाइल पर कई बार फोन किए। लेकिन किसी ने फोन रिसीव नहीं किया। मोबाइल ट्रेस करने पर पता चला कि महिला की लोकेशन गांधी हॉल्ट के पास है। जिसके बाद दानापुर जीआरपी से संपर्क किया गया तो गांधी हॉल्ट के पास महिला के मृत होने की जानकारी मिली। सपना का शव नेउरा-गांधी हाल्ट के बीच पोल संख्या 561/07 व 561/09 के समीप पड़ा हुआ था। आशंका है कि अज्ञात चलती हुई ट्रेन से गिरने से उसे गंभीर चोटें आई। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बिहार में महिला और युवक को तालिबानी सजा

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

बेतिया, पश्चिम चंपारण के बेतिया में ग्रामीणों ने एक महिला और गांव के ही युवक को तालिबानी सजा दी है। लोगों ने दोनों को पोल से बाद दिया और जानवरों की तरह उनकी पिटाई की। ग्रामीणों को शक था कि दोनों के बीच अवैध संबंध चल रहा है। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो चनपटिया थाना क्षेत्र के पिपरा गांव का बताया जा रहा है। घटना रविवार की सुबह की बताई जा रही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक और महिला को ग्रामीण बिजली के पोल से बांध दिया है और तीन-चार लोग दोनों की बेरहमी से पिटाई कर रहे हैं हालांकि फर्स्ट बिहार इस वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। महिला इन लोगों से रहम की भीख मांग रही है लेकिन पिटाई करने वाले लोग उसकी एक नहीं सुन रहे हैं। वही गांव के कुछ लोग तमाशबीन बने हुए हैं। वीडियो में पोल से बंधे महिला के पास उसका एक छोटा बच्चा भी रोता नजर आ रहा है लेकिन वहां मौजूद लोगों को छोटा बच्चा के रोने पर भी दया नहीं आ रही है। बताया जा रहा है कि महिला शादीशुदा है और उसके तीन बेटा और एक बेटी भी है जबकि युवक अविवाहित है। महिला के पति दूसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी करता है। रविवार की सुबह महिला के घर में गांव वालों ने अंजान युवक को देख लिया। उसे शक हुआ कि इन दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा है। इसी शक में आकर गांव वालों ने दोनों की बेरहमी से पिटाई कर दी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे पिटाई के वीडियो के संबंध में थानाध्यक्ष सम्राट सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो के बारे में पता चला हैं। पुलिस की टीम इसकी जांच कर रही है। मामले में विधि सम्मत कारवाई की जाएगी।

बिहार में इस तारीख तक होगी झमाझम बारिश

मोतिहारी, बेतिया, किशनगंज, अररिया वालों आपके यहां खूब बरसेंगे बादल

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

पटना, बिहार में अगस्त महीने की शुरुआत के साथ ही मॉनसून एक बार फिर से पूरी तरह एक्टिव हो गया है. बिहार के अधिकांश जिलों में अगस्त के पहले हफ्ते से ही हल्की, मध्यम और भारी बारिश हो रही है. मौसम विभाग के अनुसार बिहार में करीब 9 अगस्त तक ऐसी ही स्थिति रहने का पूर्वानुमान है. अगले 5 से 6 दिनों तक बिहार में मानसून एक्टिव रहेगा , रुक रुक कर हर एक स्थान पर बारिश होती रहेगी. मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में भारी बारिश की चेतावनी के साथ तेज हवा के साथ ठनका गिरने को लेकर भी अलर्ट किया है.

मौसम विभाग के वैज्ञानिक आनंद शंकर ने बताया कि बिहार में अब तक सामान्य से कम वर्षा हुई है. बिहार में 5 से 6 दिनों तक मानसून एक्टिव रहने की संभावना है. बहुत ज्यादा वर्षा नहीं होगी. हालांकि एक दो जगह पर हेवी रेनफॉल के चांस बन सकते हैं. आज नॉर्थ वेस्ट के एक दो हिस्सों में हैवी रेनफॉल हो

सकता है. कल गंगा से सटे हुए एक दो जिला में भारी वर्षा हो सकती है. 48 घंटों में तेज हवा और बारिश से किसानों और आम शहरी लोगों को काफी राहत मिली है. लेकिन, तेज बारिश के बाद कई नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है.

मौसम विभाग ने मंगलवार को भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर , मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है.

वहीं समस्तीपुर, वैशाली, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सारण, सिवान, गोपालगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार समेत कई जिलों में वज्रपात और मेघगर्जन का अलर्ट जारी किया है. बिहार आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 0612/2294204/205 और टोल फ्री नंबर 1070 जारी किया है. मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में भारी बारिश की चेतावनी के साथ तेज हवा के साथ ठनका गिरने को लेकर भी अलर्ट किया है.

मिड डे मील योजना में बड़े घोटाले का खुलासा

42 हेडमास्टर नपे, तीन माह में चुकाने होंगे 16 लाख रुपए

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

पटना, बिहार के सरकारी स्कूलों में हुए बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। राज्य के अंदर सरकारी स्कूलों में मिड डे मिल के नाम पर एक बड़ा घोटाला किया जा रहा था। जिसका अब खुलासा हुआ है। इसके तहत राज्य के अंदर कई सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन खानेवाले बच्चों की संख्या बढ़ाकर सरकारी पैसों की लूट का खुलासा हुआ है। इसके बाद ऐसे 46 प्रधानाध्यापकों की पहचान की गयी है। जिन्होंने स्कूलों में मध्याह्न भोजन खानेवाले बच्चों की संख्या बढ़ाकर दिखाया है। वहीं, शिक्षा विभाग ने अब ऐसे प्रधानाध्यापकों से राशि की वसूली करने का फैसला किया है। विभागीय जानकारी के अनुसार विभाग कुल 46 प्रधानाध्यापकों से कुल 16 लाख रुपये की वसूली

करेगा। दरअसल, शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में शिकायत आयी थी कि स्कूलों में मध्याह्न भोजन खानेवाले बच्चे काफी कम रहते हैं, पर इनकी संख्या को बढ़ाकर रिपोर्ट तैयार की जाती है। इसके बाद निदेशालय ने संबंधित जिलों के पदाधिकारियों को भेजकर स्कूलों में औचक जांच करायी और जांच

के दौरान यह बातें सही पाई गई। उसके बाद अब एक्शन लिया गया है। बताया जा रहा है क, शिक्षा विभाग में बने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर पर अलग -अलग जगहों से शिकायतें आयी थीं। उसके बाद विभाग के निर्देश पर मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय ने इसकी जांच करायी तो कई शिकायतें सही पायी गयीं। सबसे

बड़ी बात है कि कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में कुल 997 शिकायतें मध्याह्न भोजन से संबंधित आयीं।

इसके बाद विभागीय जांच में पाया गया कि प्रधानाध्यापकों ने बच्चों की वास्तविक संख्या में छेड़छाड़ किया। जितने बच्चों खाना खिलाया गया उससे अधिक की रिपोर्ट भेजी गयी। इस दौरान 42 स्कूलों के हेडमास्टर की पहचान की गयी। जबकि कुछ अन्य मामलों में 27 हेडमास्टर पर अनुशासिनिक कार्रवाई का निर्णय लिया गया।

आपको बताते चलें कि बिहार में एमडीएम की गुणवत्ता की वजह से सरकारी स्कूल अक्सर चर्चा में बने रहते हैं। शिक्षा विभाग के पास भारी संख्या में आ रही शिकायतों के बाद अब विभाग ने भी मिड डे मिल को लेकर सख्ती बढ़ा दी है।

गोपाल यादुका हत्याकांडः रुपौली की पूर्व विधायक बीमा भारती के पति अवधेश मंडल ने कोर्ट में किया सरेंडर, बेटा अब भी फरार

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ पूर्णिया। पूर्णिया के भवानीपुर में अपराधियों ने 2 जून को दिनदहाड़े व्यवसायी गोपाल यदुका की गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस मामले में पुलिस शूटर विशाल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है. इसके अलावा इस हत्याकांड के मास्टरमाइंड कहे जा रहे जमीन ब्रोकर संजय भगत को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. हत्याकांड की जांच में यह बात सामने आई थी कि बीमा भारती के बेटे राजा मंडल ने हत्या के लिए 5 लाख की सुपारी दी थी. साथ ही हत्या के लिए हथियार भी मुहैया कराए थे.मामले में अदालत ने 25 जून को गोपाल यदुका हत्याकांड में रुपौली की पूर्व विधायक बीमा भारती के पति अवधेश मंडल एवं पुत्र के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया था. जिसके बाद पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है. अब सोमवार को अवधेश मंडल ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया. वहीं इस मामले में बीमा भारती का बेटा राजा मंडल अभी भी फरार चल रहा है.बीमा भारती ने 2020 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू के टिकट पर रुपौली विधानसभा से चुनाव जीता था. अभी हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में पूर्णिया लोकसभा सीट से आरजेडी कैंडिडेट के रूप में चुनाव लड़ा था. जिसमें उसकी हार हुई थी. लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उसने विधायक से इस्तीफा देकर राजद पार्टी में शामिल हुई थी. जिस वजह से रुपौली में उपचुनाव हुआ. इस उपचुनाव में भी उसे हार का सामना करना पड़ा. बीमा भारती के पति अवधेश मंडल का आपराधिक इतिहास रहा है

कोचिंग में घुसकर युवती को मारी गोली

लोगों ने युवक को बेरहमी से पीटा, पुलिस ने भीड़ से बचाई आरोपी की जान

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

नालंदा, नालंदा में एक युवक ने कोचिंग में घुसकर युवती के सीने में गोली दाग दी। युवती को गोली मारने के बाद आरोपी ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी युवक की बुरी तरह से पीटा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को चंगुल से युवक को बचाया।

गोली से घायल हुई युवती की पहचान परबलपुर थाना क्षेत्र के पीलिच्छ गांव निवासी विनोद राउत की 18 वर्षीय बेटी प्रीति कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रीति कुमारी घर मे ही कोचिंग क्लास चलाती है। सोमवार को वह कोचिंग में बच्चों को पढ़ा रही थी, तभी एक युवक कोचिंग में घुस आया और प्रीति को गोली मार दी। गोली मारने के बाद आरोपी

बगल में स्थित गैस गोदाम में छुप गया। इसकी भनक लगते ही ग्रामीणों ने गोदाम को घेर लिया और आरोपी को धर दबोचा।

गुस्साए लोगों ने आरोपी को बेरहमी से पीटा। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे लोगों को चंगुल से बचाया और अपने साथ ले गई।

पुलिस ने गोली लगने से घायल हुई युवती को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से बेहतर इलाज के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। उधर, पुलिस ने आरोपी युवक को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि युवक के होश में आने के बाद ही यह पता चल सकेगा कि उसने युवती को गोली क्यों मारी है।

एकसाथ पांच मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा

कई हथियार और गोलियां बरामद; बकरी फार्म की आड़ में चल रहा था अवैध कारखाना

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

मुंगेर, मुंगेर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक बकरी फार्म से हथियारों का जखीरा बरामद किया है। बकरी फार्म के भीतर तहखाने में अवैध हथियारों का कारखाना चलाया जा रहा था। यहां छापेमारी के दौरान पुलिस ने एकसाथ पांच मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है। मौके से भारी मात्रा में निर्मित और अर्धनिर्मित हथियारों को बरामद किया गया है। पुलिस ने मौके से पांच लोगों को अरेस्ट किया है। मुंगेर में अवैध हथियार निर्माण की

गुप्त सूचना पर टेटिया बम्बर थानान्तर्गत बनैली स्थित सर्वेश कुमार के बकरी पालन फार्म पर पुलिस ने छापेमारी की। जहां बकरी फार्म के नीचे तहखाना बनाकर अवैध हथियार का निर्माण किया जा रहा था। छापेमारी में पांच मिनी गन फैक्ट्री पकड़ाई। जहां से पुलिस ने हथियार निर्माण में जुटे पांच कारीगरों को गिरफ्तार कर लिया हालांकि मिनी गन फैक्ट्री का संचालक फरार मिला। जिसकी पहचान बकरी पालन फार्म के मालिक सर्वेश कुमार और मिर्जापुर बरदह निवासी मो.अंगूर के रूप में हुई

है। जिसका अवैध हथियार निर्माण से पुराना रिश्ता है। छापेमारी के दौरान

पुलिस ने 07 देसी पिस्तौल, 05 बेस मशीन, 05 अर्द्धनिर्मित पिस्तौल, 09

मैगजीन, 16 अर्द्धनिर्मित मैगजीन,12 जिंदा कारतूस, 06 मोबाइल सहित काफी मात्रा में हथियार बनाने का उपकरण पुलिस ने जब्त किया। इनमें से मो.सदरूल और मो.वसीम शामपुर थाना क्षेत्र में फरवरी माह में पकड़ाए मिनी गन फैक्ट्री मामले में जेल जा चुका है।

मुंगेर एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि हथियार निर्माण करते पकड़ाए सभी कारीगरों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत टेटिया बम्बर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी

अभियान में खड़गपुर डीएसपी चंदन कुमार के अलावा खड़गपुर थानाध्यक्ष व जिला आसूचना इकाई की टीम तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

एसपी ने बताया की बकरी पालन फार्म का मालिक सर्वेश कुमार और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मिर्जापुर बरदह निवासी मो.अंगूर दोनों कारीगरों को कान्ट्रैक्ट देकर हथियार का निर्माण करवाता था। साथ ही एसपी ने बताया की कारीगरों ने बताया की यह पांचवी बार है की वे यहां आ हथियार निर्माण कर रहे है।